हिमाचल प्रदेश तकनीकी शिक्षा बोर्ड धर्मशाला के लेखाओं का अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन

अवधि:-04/2015 से 03/2016

भाग-एक

1 प्रारम्भिक:-

(क) हिमाचल प्रदेश तकनीकी शिक्षा बोर्ड के लेखाओं का अंकेक्षण स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग हिमाचल प्रदेश द्वारा तकनीकी शिक्षा बोर्ड,अधिनियम 1986 की धारा 20 के अन्तर्गत दिए गए प्रावधानों के अनुसार किया जाता है।

(ख)वर्तमान अंकेक्षण अवधि के दौरान निम्नलिखित अधिकारी तकनीकी शिक्षा बोर्ड में कार्यरत रहे:-

क्रम संख्या	पद	नाम	अवधि
1.	अध्यक्ष	श्री राजेश्वर गोयल	01-04-15 से 31-03-16
2.	सचिव	श्री सुनील कुमार वर्मा	17-3-10 से लगातार
3.	आहरण एवं वितरण अधिकारी	श्री एम०डी० शर्मा	24-2-15 से लगातार

(ग) गम्भीर अनियमितताओं का सार :-

क्रम सं	पैरा सं	विवरण	राशि (लाखों में)
1	5	दिनांक 31-3-15 को अग्रधन की राशि का समायोजन हेतु शेष पाया जाना।	25.25
2	6	उपयोगिता प्रमाण पत्र न प्रस्तुत करने बारे।	8.87
3	7	मै० जिंजर बेवस दिल्ली की अर्नेस्ट मनी व जमानत राशि जब्त न करने बारे।	1.10

(घ) गत अंकेक्षण प्रतिवेदन :-

हिमाचल प्रदेश तकनीकी शिक्षा बोर्ड द्वारा गत अंकेक्षण प्रतिवेदनो के शेष लम्बित पैरों पर की गई कार्यवाई की समीक्षा वर्तमान अंकेक्षण के दौरान की गई। समीक्षा के दौरान

पाया गया कि बोर्ड प्रशासन द्वारा पुराने अंकेक्षण प्रतिवेदनो पर कार्यवाई उपरान्त अभी भी बहुत पैरे अनिर्णीत है। अत: परामर्श दिया जाता है कि गत सभी अंकेक्षण प्रतिवेदनो के शेष अनुच्छेदों पर वांछित कार्यवाई शीघ्र अम्ल में लाई जाये तथा पैरों का निपटारा प्राथमिकता के आधार पर आगामी अंकेक्षण पर करवाया जाये। वर्तमान अंकेक्षण के पश्चात निपटारे हेतु शेष पैरों की नवीनतम स्थिति का विवरण **परिशिष्ट "A"** पर दिया गया है।

भाग – दो

2 वर्तमान अंकेक्षण:-

हिमाचल प्रदेश तकनीकी शिक्षा बोर्ड धर्मशाला के अवधि 04/2015 से 03/2016 लेखों का वर्तमान अंकेक्षण/जाँच परिक्षण, जिसके परिणाम अनुवर्ती अनुछेदो में दिए गए है, श्री मुकेश कुमार स्नेही, अनुभाग अधिकारी द्वारा दिनांक 26-10-2016 से 18-11-2016 तक के दौरान कार्यालय परिसर में किया गया।आय कि विस्तृत जाँच के लिए माह 05/15 तथा व्यय कि विस्तृत जाच के लिए माह 03/16 को चयनित किया गया।

यहाँ यह भी स्पष्ट किया जाता है कि वर्तमान अंकेक्षण प्रतिवेदन को बोर्ड के नियन्त्रण अधिकारी/सचिव द्वारा उपलब्ध करवाई गई सूचनाओं एवं अभिलेख के आधार पर तैयार किया गया है। स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग उक्त संस्था द्वारा उपलब्ध करवाई गई किसी भी प्रकार की गलत सूचना अथवा सूचना जो उपलब्ध नहीं करवाई गई, की जिम्मेवारी लेने से इंकार करता है। अंकेक्षण की जिम्मेदारी केवल चयनित माह तक सीमित है।

3 अंकेक्षण शुल्क:-

हिमाचल प्रदेश तकनीकी शिक्षा बोर्ड के अवधि 4/15 से 3/16 के लेखाओं के अंकेक्षण हेतु अंकेक्षण शुल्क ₹17000 बनता है। उक्त अंकेक्षण शुल्क की राशि को राजकीय कोष में जमा करवाने हेतु अंकेक्षण अधियाचना संख्या: 248 दिनांक 18-11-16 द्वारा सचिव हिमाचल प्रदेश तकनीकी शिक्षा बोर्ड से अनुरोध किया गया जिस पर कार्यवाही करते हुए बोर्ड द्वारा उक्त अंकेक्षण शुल्क की राशि ड्राफ्ट संख्या: 105694

दिनांक 19-12-16 द्वारा निदेशक, स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग, शिमला -9 को प्रेषित कर दी गई है।

4 वितीय स्थिति:-

हिमाचल प्रदेश तकनीकी शिक्षा बोर्ड द्वारा उपलब्ध करवाई गई बोर्ड की अंकेक्षण अवधि की वितीय स्थिति निम्न प्रकार से रही :-

(क) GENERAL +PAT CASH BOOK 2015-16 (परिशिष्ट-B)

विवरण	राशि
आ० शेष	**198946607 -31**
पावतियां	82356886-50
ब्याज(बचत)	1489815 -00
ब्याज(सावधि)	18230990-00
कुल जोड़	**301024298-81**
व्यय	60275166-00
अन्तशेष	**240749132-81**

अन्त शेष का विवरण:-

दिनांक 31-3-16 को सामान्य निधि से सम्बन्धित बजत खातों में तथा सावधि जमा योजना में निवेशित राशि अन्तशेष का विवरण निम्न प्रकार से दर्शाया गया :-

(**परिशिष्ट B-1 व B-2)**

बैंक खातों में जमा राशि (परिशिष्ट B-1)

क्र०स०	**खाता संख्या**	**बैंक का नाम**	**राशि**
1	20129033816	के०सी०सी०	1447079 -**00**
2.	10551097385	एस०बी०आई०	354048-73
3.	11510110009284	यूको बैंक	619253-00
4.	20129032449	के०सी०सी०(PAT)	2901696 -00
5.	10551212323	एस०बी०आई०(PAT)	33884-58
6.	87950100608745	हिमाचल ग्रामीण बैंक	7472965-00
7.	26030110001707	यूको बैंक	5967780-06

8.	2630110013366	यूको बैंक	298721-50
		योग	**19095427-87**

सामान्य निधि+PAT निधि से सम्बन्धित सावधि जमा योजना में निवेशित 227134125 -00
राशि(परिशिष्ट B-2)

कुल योग	**246229552.87**

नोट-1:-

दिनांक 31-3-14 को रोकड़ वही एवं बैंक के अन्त शेष में (₹246229552.87(-) ₹240749132.81= ₹5480420.06) का अन्तर पाया गया जिससे सम्बन्धित बैंक समाधान विवरणिका **परिशिष्ट B-1** पर दी गई है।

नोट-2:- उक्त **परिशिष्ट B-1** पर वर्णित बैंक समाधान विवरणिका में कुछ राशियाँ पिछले कुछ वर्षो से अनिर्णीत चली आ रही है जिनका समायोजन करके तदानुसार बैंक समाधान विवरणिका तैयार की जाये।

नोट-3:-उक्त **परिशिष्ट B-1** में वर्णित बैंक समाधान विवरणिका में ड्राफ्ट बैंक में जमा दर्शाए गया है जिनको बैंक द्वारा 31-3-16 तक क्रेडिट नहीं किया गया है। अत: इन ड्राफ्टो को 31-3-16 के पश्चात बैंक द्वारा क्रेडिट करवाया जाना सुनिश्चित किया जाये। इसी प्रकार बैंक समाधान विवरणिका में कुछ चैक जारी किये गए है जिनको दिनांक 31-3-16 तक बैंक में प्रस्तुत नहीं किया गया। अत:इन चैकों को 31-3-16 के पश्चात प्रस्तुत करने की तिथि अंकित की जाए तथा यदि इनमें से कुछ चैक निर्धारित समय अवधि तक बैंक में प्रस्तुत नहीं किए गए हो तो उन चैकों के बारे में नियमानुसार कार्यवाही अमल में लाकर इनको वापिस खातों में जमा किया जाए।

(ख) TWF CASH BOOK 2014-15 (परिशिष्ट-C)

विवरण	राशि
आ०शेष	539993-67
पावतियां	87114-00
ब्याज	21792-00
योग	**648899-67**

व्यय	शुन्य
अन्त शेष	**648899-67**

अन्त शेष का विवरण :-

TWF CASH BOOK से सम्बन्धित बैंक खाते में दिनांक 31-3-16 को अन्त शेष निम्न प्रकार से रहा:- **(परिशिष्ट C-1)**

बैंक का नाम	खाता संख्या	राशि
SBI	**10551210336**	**644674-67**

नोट-1:- दिनांक 31-3-16 को रोकड़ वही तथा बैंक खाते में जमा राशि में (₹648899.67-₹644674.67=₹4225/-)का अन्तर पाया गया जिससे सम्बन्धित बैंक समाधान विवरणिका **परिशिष्ट C-1पर** दी गई है।

नोट-2:- उक्त **परिशिष्ट C -1** में वर्णित बैंक समाधान विवरणिका में कुछ राशियाँ पिछले कुछ वर्षों से अनिर्णीत चली आ रही है जिनका समायोजन करके तदानुसार बैंक समाधान विवरणिका तैयार की जाए।

नोट-3:- उक्त **परिशिष्ट C -1** में वर्णित बैंक समाधान विवरणिका में चैक बैंक में जमा दर्शाए गए है जिनको बैंक द्वारा 31-3-16 तक क्रेडिट नहीं किया गया है। अत:इन चैकों को 31-3-16 के पश्चात बैंक द्वारा क्रेडिट करवाया जाना सुनिश्चित किया जाये।

(ग) CPF CASH BOOK 2014-15 (परिशिष्ट-D)

विवरण	राशि
आ०शेष	18411115-06
पावतियां	2232455-00
ब्याज(सावधि+बचत)	1754496-00
सामान्य खाता से हस्तांतरित	100000-00
योग	**22498066-06**
व्यय	1110000-00
अन्त शेष	**21388066-06**

अन्तशेष का विवरण :- CPF CASH BOOK से सम्बन्धित बैंक खातों में दिनांक 31-3-16 को अन्तशेष निम्न प्रकार से रहा :-

बैंक का नाम	**परिशिष्ट**	**खाता सं**	**राशि**
सावधि में निवेशित राशि	(परिशिष्ट D-1)	-	19907116.00
बचत खाता	(परिशिष्ट D-2)	10551097396	1566029.06
		कुल जोड़	**21473145.06**

नोट-1:-दिनांक 31-3-16 को रोकड़ वही एवं बैंक खातों के अंतिम शेष में (₹21473145.06-₹21388066.06=₹85079)का अन्तर पाया गया जिससे सम्बन्धित बैंक समाधान विवरणिका परिशिष्ट D-1 पर दी गई है।

नोट-2:- उक्त परिशिष्ट D-1 में वर्णित बैंक समाधान विवरणिका में कुछ राशियाँ पिछले कुछ वर्षों से अनिर्णीत चली आ रही है जिनका समायोजन करके तदानुसार बैंक समाधान विवरणिका तैयार की जाए।

नोट-3:- उक्त **परिशिष्ट D-1** में वर्णित बैंक समाधान विवरणिका में कुछ राशि बैंक में जमा दर्शाई गई है जिनको बैंक द्वारा 31-3-16 तक क्रेडिट नहीं किया गया है अतःइन राशियों को 31-3-16 के पश्चात बैंक द्वारा क्रेडिट करवाया जाना सुनिश्चित किया जाये।

नोट-4:- बोर्ड की C.P.F से सम्बन्धित दायित्व (Liabilities)तथा उसका भुगतान करने के लिए C.P.F से सम्बन्धित विभिन्न बैंक खातों में जमा राशि एवं सावधि में जमा राशि का विवरण परिशिष्ट D-2 पर दिया गया है।

(घ) गुप्त निधि 2015-16 (परिशिष्ट-E)

परिशिष्ट-E में संलग्न उपयोगिता प्रमाण पत्र के अनुसार गुप्त निधि खाते को हस्तांतरित की गई राशि व उसमे से किये गए व्यय एवं अन्तशेष का विवरण निम्न प्रकार से रहा :-

विवरण	**राशि**
आ०शेष	**242079.74**
सामान्य खाते से हस्तांतरित राशि	5000000.00
ब्याज	49903.00
योग	**5291982.74**
व्यय	4002438.00
अन्तशेष	**1289544.74**

5 दिनांक 31-3-16 को अग्रधन की ₹25.26 लाख का समायोजन हेतु शेष पाया जाना :-

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि दिनांक 31-3-16 की विभिन्न विभागों/कर्मचारियों के नाम निम्नलिखित विवरणानुसार अग्रधन के रूप में ₹2525542 समायोजन हेतु शेष पाई गई। अत: अग्रधन के रूप में समायोजन हेतु शेष पड़ी राशियों का समायोजन प्राथमिकता के आधार पर करवाया जाना सुनिश्चित किया जाये तथा कृत अनुपालना से इस विभाग को अवगत करवाया जाए।

क्रम संख्या	कर्मचारी/विभाग का नाम	राशि	विवरण
1.	श्री सन्त लाल	2000	स्टेशनरी
2.	एम.डी.एच०पी०स्टेट इलेक्ट्रॉनिक्स को.शिमला	2523542	कम्प्यूटर इत्यादि की खरीद
	कुल जोड़	**₹2525542**	

6 उपयोगिता प्रमाण पत्र न प्रस्तुत करने बारे:-

अंकेक्षण के दौरान जाँच में पाया गया कि तकनीकी शिक्षा बोर्ड धर्मशाला द्वारा मुख्य अधीक्षण अभियन्ता हिमाचल प्रदेश औद्योगिक विकास कारपोरेशन लिमिटेड शिमला, को ₹887500 डिपोजिट वर्क निम्न निर्माण कार्य हेतु जमा करवाये गये परंतु कार्य से सम्बन्धित उपयोगिता प्रमाण पत्र अंकेक्षण में आवयश्क जाँच हेतु अंकेक्षण के दौरान तक प्रस्तुत नहीं किए गए। अत: इन उपयोगिता प्रमाण पत्र को सम्बन्धित विभाग से अविलम्ब प्राप्त कर के आगामी अंकेक्षण में सत्यापन हेतु प्रस्तुत किये जाए।

क्र० सं	कार्य का नाम	ड्राफ्ट सं व दिनांक	राशि
1.	SRMO Office & staff quarters	037940 DT 30-3-16	887500

7. मै० जिंजर वेवस प्राइवेट लिमिटिड दिल्ली की अर्नेस्ट मनी व जमानत ₹110000 को जब्त न करने बारे :-

वाउचर संख्या 881 माह 3/16 की जाँच करने पर पाया गया कि उक्त फर्म को ₹239605 का भुगतान , seprationjob of 32 pages for evaluation viz to open sealed packates of answer books, making, tallying wit challans, tearing of slips (part-III), prepration of lots, sealing/pasting of flaps, processing scanning through bar code readers ,omr scanner etc.related the answer –books of the state polytechnics. के कार्य हेतु भुगतान किया गया। उक्त फर्म द्वारा

उक्त कार्य पूर्ण न करने के फलस्वरूप सचिव तकनीकी शिक्षा बोर्ड के पत्र संख्या :- HTB/GENERL/PROP/ 10149 DATED 17-11-15 द्वारा उक्त फर्म को debar कर दिया गया था। दिनांक 28-01-15 के अनुबंध की शर्त न० 10 के अनुसार debar होने पर उक्त फर्म की अर्नेस्ट मनी व जमानत ₹110000 को बोर्ड द्वारा जब्त करना अपेक्षित था परन्तु उक्त राशि को जब्त नहीं किया गया। अंकेक्षण अधियाचना संख्या :-एम.के (काँगड़ा – वृत्त)/-234 दिनांक 05-11-16 द्वारा उक्त हेतु सचिव तकनीकी शिक्षा बोर्ड को अवगत करवाया परन्तु तकनीकी शिक्षा बोर्ड द्वारा कोई उत्तर नहीं दिया गया। औचित्य स्पष्ट करते हुए उक्त राशि को जब्त करना सुनिश्चित किया जाए व कृत अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

8 बिल/वाउचर न प्रस्तुत करने बारे:-

अंकेक्षण के दौरान जाँच में पाया गया कि निम्नलिखित बिल/वाउचर अंकेक्षण में आवयश्क जाँच हेतु प्रस्तुत नहीं किए गए जिसके आभाव भुगतान की सत्यता की जाँच अंकेक्षण द्वारा नहीं की जा सकी अत: बिल/वाउचर न प्रस्तुत करने का औचित्य स्पष्ट किया जाये व निम्नलिखित बिल/वोउचरों को ढूंढ़ कर आगामी अंकेक्षण में अनुपालना हेतु प्रस्तुत करना सुनिश्चित किया जाये।

वाउचर संख्या	माह	फर्म का नाम	राशि
126	6/15	मै० इम्पिरिअल प्रिंटिंग प्रेस धर्मशाला	₹46154
147	6/15	मै० ट्रिब्यून इंडिया इत्यादि	₹60631

9 (क) सेवा-पंजिका नियमानुसार सत्यापित न करने बारे :-

नियमानुसार सेवा पुस्तिकाओं को कर्मचारियों द्वारा पूरी की गई वार्षिक सेवा के आधार पर सत्यापित किया जाता है व उसके उपरान्त ही कर्मचारी को वार्षिक वेतन वृद्धि का लाभ दिया जाता है अंकेक्षण द्वारा सेवा पुस्तिकाओं की जाँच करने पर पाया गया की कर्मचारियों की सेवा वित्तीय वर्ष के आधार पर सत्यापित की जा रही है अगर किसी कर्मचारी की वार्षिक वेतन वृद्धि माह मार्च के पश्चात लगती है तो उसकी वार्षिक वेतन वृद्धि सेवा को बिना सत्यापित किए ही लगा दी जा रही है जोकि नियमानुसार उचित प्रक्रिया नहीं है अत: सेवा पंजिकाओ को नियमानुसार सत्यापित किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

(**ख) सेवा पंजिकाओ का रख-रखाव उचित प्रकार से न करने बारे :-** अंकेक्षण द्वारा सेवा पंजिकाओ की जाँच करने पर पाया गया कि सेवा पंजिकाओ में की गई प्रविष्टियों को स्पष्ट रूप से नहीं भरा गया जिस कारण सेवा पंजिकाओ की जाँच पूर्ण रूप से नहीं की जा सकी। अत: सेवा पंजिकाओ में प्रत्येक प्रविष्टि को सही व स्पष्ट रूप से भरा जाए ताकि सेवा पंजिकाओ को स्पष्ट रूप से पढ़ा जा सके। अत: औचित्य स्पष्ट करते हुए कृत अनुपालना से आगामी अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

वाहन :-

10 गाड़ी न० एच० बी०-39बी-3323 का प्रयोग शिक्षा बोर्ड के कार्य के लिए प्रयोग करने बारे:-

उक्त गाड़ी की लोग बुक की जाँच करने पर पाया कि निम्नलिखित विवरणानुसार उक्त गाड़ी का प्रयोग हि०प्र शिक्षा बोर्ड के कार्य हेतु किया गया है।

क्रम संख्या	दिनांक	यात्रा का उदेश्य	यात्रा की दूरी km
1.	20-04-15	visited on spot center Nadaun & book distribution center J/mukhi	186
2.	02-05-15	visited on spot center Dehra	137
3.	04-05-15	visited book distribution center Paprola, Chountra	163
4.	07-05-15	visited on spot center Nadaun & book distribution center J/mukhi	138
5.	09-05-15	visited book distribution center Hamirpur	229
6.	11-05-15	visited book distribution center jassur	163
7.	12-05-15	Visited paper godown Amb	229
8.	15-05-15	Visited printing press	243
9.	16-05-15	Visited book distribution center Bilaspur & journey to shimla(purpose not mentioned)	282
10.	18-05-15	visited book distribution center Rampur	228
11.	19-05-15	Visited book depot solan	139
12.	29-05-15	D/shala to Chandigarh to Shimla (purpose not mention)	518
13.	30-05-15	visited book distribution center Rampur	267

उक्त गाड़ी का प्रयोग हि.प्र. शिक्षा बोर्ड के कार्य को करने का औचित्य स्पष्ट किया जाए व उक्त यात्राओं में हेतु व्यय की राशि की वसूली शिक्षा बोर्ड से करने उपरान्त

तकनीकी शिक्षा बोर्ड निधि में जमा किया जाए व अनुपालना से आगामी लेखा परीक्षण को अवगत करवाया जाए।

11 स्टॉक प्रविष्टि न करने बारे:-

वाउचर संख्या 76 माह 5/15 की जाँच करने पर पाया गया कि मै० हिमाचल प्रदेश स्टेट हेंडीक्राफ्ट धर्मशाला से ₹9600 का कपडा बिल संख्या: 4782 दिनांक 07-05-15 के द्वारा ख़रीदा गया परन्तु कपडे की स्टॉक प्रविष्टि अंकेक्षण में आवयश्क जाँच हेतु प्रस्तुत नहीं की गई जिसके अभाव में खरीद की पुष्टि अंकेक्षण द्वारा नहीं की जा सकी। अत: स्टॉक प्रविष्टि प्रस्तुत न करने का औचित्य स्पष्ट किया जाए व कृत अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

12 (क) अनुचित व्यय ₹4350

अंकेक्षण के दौरान जाँच में पाया गया कि वाउचर संख्या 718 दिनांक 6-01-15 को ₹12000 का अग्रिम आहरण खाने व चाय भुगतान हेतु किया गया था। समायोजन वाउचर संख्या : 551 माह 10/16 की जाँच करने पर पाया गया कि खाने,चाय व समोसा इत्यादि पर ₹7271 व्यय किया गया व ₹4350 का व्यय मै० बैक्स एंड बिन्स दाड़ी को पेस्ट्री इत्यादि पर भुगतान हेतु किया गया। अतः खाने व जलपान हेतु कैंटीन को पहले ही भुगतान किया जा चुका है तो बैक्स एंड बिन्स दाड़ी को ₹ 4350 का भुगतान पेस्ट्री इत्यादि का भुगतान उचित प्रतीत नहीं होता है। जिस बारे स्थिति स्पष्ट की जाए।

(ख) अग्रिम राशियों को विलम्ब से समायोजित करवाने बारे:-

अंकेक्षण के दौरान अग्रिम राशियों की जाँच करने पर पाया गया कि उनका समायोजन निम्नलिखित विवरणानुसार विलम्ब से किया गया जबकि इनका समायोजन कार्य समाप्ति के तुरंत बाद किया जाना अपेक्षित था। अत: इन अग्रिमो का समायोजन विलम्ब से करने का औचित्य स्पष्ट किया जाए व अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाना सुनिश्चित किया जाए।

अग्रिम वाउचर सं.	दिनांक	अग्रिम राशि	संयोजन वा.सं.	दिनांक
718	06-01-15	12000	551	18-10-16
813	21-02-15	10000	550	18-10-16
913	26-03-15	8000	566	18-10-16

13 **लघु-आपत्ति विवरणिका:-** यह संस्था को अलग से जारी नहीं की गई है।

14 **निष्कर्ष**:- लेखों के रख-रखाव में सुधार की आवयश्कता है।

हस्ता/–
उप निदेशक,
स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग,
हिमाचल प्रदेश, शिमला–171009.

पृष्ठांकन संख्याः– फिन(एल0ए0)एच(2)सी (15)(14) 111/82 खण्ड–8–1234–1236पार्ट दिनाँकः25.02. 2017 शिमला–171009,
प्रतिलिपि : निम्न को सूचनार्थ/आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

पंजीकृत
1 सचिव, हि0प्र0 तकनीकी शिक्षा बोर्ड धर्मशाला, जिला काँगड़ा (हि0प्र0), को इस आशय के साथ प्रेषित की जाती है कि वह इस अंकेक्षण प्रतिवेदन पर उचित कार्रवाई करके सटिप्पण उत्तर इस विभाग को एक माह के भीतर भेजना सुनिश्चित करें।
2 निदेशक, तकनीकी शिक्षा व्यवसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण सुन्दर नगर, जिला मण्डी हि0प्र0
3 विशेष सचिव (तकनीकी शिक्षा) हि0प्र0 सरकार शिमला–2

हस्ता/–
उप निदेशक,
स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग,
हिमाचल प्रदेश, शिमला–171009.

परिशिष्ट – "A"

पैरा संख्या 1 (घ) में सन्दर्भित

	अंकेक्षण प्रतिवेदन अवधि 1990 से 1992			
क्र०स०	**पैरा सं**	**पैरे की स्थिति**	**पैरे का संक्षिप्त विवरण**	
1.	पैरा-7	निर्णीत	मानदेय राशि के भुगतान के सन्दर्भ में	अधिसूचना सं 244 दिनांक 10-11-16 द्वारा write off
2.	पैरा15(क)	निर्णीत	प्रतिनियुक्ति भत्ते के रूप में ₹ 3578 की वसूली बारे।	अधिसूचना सं 111 दिनांक 20-04-16 द्वारा write off
3.	पैरा15(ख)	निर्णीत	प्रतिनियुक्ति भत्ते के रूप में ₹ 1614 की	----यथोपरि-----

			वसूली बारे।	
4.	पैरा-16	निर्णीत	प्रतिनियुक्ति पर गलत वेतन निर्धारण के कारण ₹36881 की वसूली बारे।	------यथोपरि -----
	अंकेक्षण प्रतिवेदन अवधि 1992 से 1995			
क्रम सं	**पैरा सं**	**पैरे की स्थिति**	**पैरे का संक्षिप्त विवरण**	
1.	पैरा- 9 (गत प्रतिवेदन में 8 दर्शाया है)	निर्णीत	मानदेय के रूप में किए गए ₹10000 के भुगतान बारे।	अधिसूचना सं 244 दिनांक 10-11-16 द्वारा write off
2.	पैरा-13	अनिर्णीत	प्रतिनियुक्ति के रूप में किए गए अनियमित भुगतान के सन्दर्भ में	
	अंकेक्षण प्रतिवेदन अवधि 1995 से 1997			
क्र. सं	**पैरा सं**	**पैरे की स्थिति**	**पैरे का संक्षिप्त विवरण**	
1.	पैरा- 10	निर्णीत	पी०ए०टी० से सम्बन्धित मानदेय का अनियमित भुगतान।	अधिसूचना सं 244 दिनांक 10-11-16 द्वारा write off
2.	पैरा-10(क)	निर्णीत	पी०ए०टी० से सम्बन्धित मानदेय का अनियमित भुगतान।	---यथोपरि-----
	अंकेक्षण प्रतिवेदन अवधि 1997 से 1998			
क्र० सं०	**पैरा सं**	**पैरे की स्थिति**	**पैरे का संक्षिप्त विवरण**	
1.	पैरा-22 (ड.)	अनिर्णीत	अधिवक्ता के किए गए अधिक भुगतान के सन्दर्भ में	
	अंकेक्षण प्रतिवेदन अवधि 2007 से 2008			
1.	पैरा-8	अनिर्णीत	बोर्ड की समस्त भूमि का राजस्व सम्बन्धी रिकार्ड प्रस्तुत करने बारे	
	अंकेक्षण प्रतिवेदन अवधि 2009 से 2010			
क्र० सं०	**पैरा सं**	**पैरे की स्थिति**	**पैरे का संक्षिप्त विवरण**	**टिप्पणी**
1.	पैरा-11	अनिर्णीत	अराजपत्रित अवकाश वाले दिन गाड़ी के	

			प्रयोग बारे	
	अंकेक्षण प्रतिवेदन अवधि 2010 से 2011			
2.	पैरा-11	निर्णीत	गलत वेतन निर्धारण के कारण ₹28831का अधिक भुगतान करने बारे	वसूली देख ली गई है
3.	पैरा -23	निर्णित	वाहन संख्या एच०पी०-39-3323 की खरीद एवं औसत तेल खपत बारे	कार्यवाही देख ली गई है।
	अंकेक्षण प्रतिवेदन अवधि 2011 से 2012			
क्र०सं०	**पैरा स०**	**पैरे की स्थिति**	**पैरे का संक्षिप्त विवरण**	
1.	पैरा-9	अनिर्णीत	बिना सरकार की अनुमति के निदेशक तकनीकी शिक्षा हिमाचल प्रदेश को 5 करोड़ प्रदान करने बारे	
2.	पैरा-10	अनिर्णीत	आई०टी०आई० परिसर धर्मशाला में कम्पूटर प्रयोगशाला व तीन आवासों के निर्माण बारे	
3.	पैरा-15	निर्णीत	तकनीकी शिक्षा बोर्ड के वाहन पर किये गए खर्चे से सम्बन्धित अभिलेख में पाई अनियमितताएं	कार्यवाही देख ली गई है।
	अंकेक्षण प्रतिवेदन अवधि 2012 से 2013			
क्र०स०	**पैरा स०**	**पैरे की स्थिति**	**पैरे का संक्षिप्त विवरण**	
1.	पैरा-13(क)	निर्णीत	वाहन संख्या एच०पी०-39-4315 की औसत कम दर्शाने बारे कम दर्शाने बारे	कार्यवाही देख ली गई है।
2.	पैरा-13(ख)	निर्णीत	वाहन संख्या एच०पी०-39बी-4315 की औसत तेल की खपत का निर्धारण न करवाने बारे	कार्यवाही देख ली गई है।
3.	पैरा-15	अनिर्णीत	रसीदों को अनाधिकृत रूप से रद्द करना	
4.	पैरा-16	अंशत:निर्णीत	गलत वेतन निर्धारण के कारण ₹15916 का अधिक भुगतान करना	
	अंकेक्षण प्रतिवेदन अवधि 2013 से 2014			

क्र०सं०	पैरा स०	पैरे की स्थिति	पैरे का संक्षिप्त विवरण	
1.	7.	निर्णित	उपयोगिता प्रमाण पत्र न प्रस्तुत करने बारे	यु.सी. देख लिए गए है
2.	8	निर्णीत	HPSIDC द्वारा खर्च न की गई ₹38643 को वापिस न लेने बारे	वसूली कर ली गई है।
3.	11(ख)	निर्णीत	वाहन संख्या एच०पी०-39-4315 की औसत कम दर्शाने बारे	कार्यवाही देख ली गई है।
4.	11(ग)	निर्णीत	वाहन संख्या एच०पी०-39बी-4315 की औसत तेल खपत का निर्धारण न करवाने बारे	कार्यवाही देख ली गई है।
5.	12	अंशत:निर्णीत	गलत वेतन निर्धारण के कारण ₹7071 का अधिक भुगतान करना	
	अंकेक्षण प्रतिवेदन अवधि 2014 से 2015			
क्र०सं०	**पैरा स०**	**पैरे की स्थिति**	**पैरे का संक्षिप्त विवरण**	
1.	5.	निर्णित	अग्रधन का समायोजन हेतु शेष पाया जाना।	पुन:प्रारूपित
2.	6	निर्णीत	रोकड़ वही का रख-रखाव नियमानुसार न करना।	कार्यवाही देख ली गई है ।
3.	7	निर्णीत	रसीदों का स्टॉक रजिस्टर न प्रस्तुत करना	कार्यवाही देख ली गई है ।
4.	8	अंशत:निर्णीत	उपयोगिता प्रमाण पत्र न प्रस्तुत करने बारे	क्रम 2 व 3 को देख लिया है व 1 में से ₹78746 का देख लिया गया है
5.	9	अनिर्णीत	एच०आर०टी०सी० से स्क्रीनिग टेस्ट के बकाया 15 लाख न वसूलने बारे।	
6.	10	निर्णित	निदेशक तकनीकी शिक्षा को प्रॉस्पेक्टस हेतु बिना आधार के ₹2635800 की राशि भेजना	कार्यवाही देखली गई है।

7.	11(क)	निर्णित	प्रॉस्पेक्टस की अत्याधिक मात्रा में छपवाई	कार्यवाही देख ली गई है।
8.	11(ख)	निर्णित	प्रॉस्पेक्टस के वितरण व वापिसी पर अपेक्षित सत्यापन न करवाया जाना।	कार्यवाही देख ली गई है।
9.	12	निर्णित	चिकित्सा प्रतिपूर्ति दावा के रूप में ₹ 690 का अधिक भुगतान करने बारे।	वसूली देख ली गई है।
10.	13	निर्णित	यात्रा भत्ता के रूप में ₹6259 का अधिक भुगतान करने बारे।	वसूली देख ली गई है।
11.	14	निर्णित	कुटेशन व स्टॉक प्रविष्टि न करने बारे।	कार्यवाही देख ली गई है।
12.	15	निर्णित	बिल/वाउचर प्रस्तुत न करने बारे।	कार्यवाही देख ली गई है
13.	16	निर्णित	सेवा पुस्तिका प्रस्तुत न करना	कार्यवाही देख ली गई है।
14.	17	निर्णित	ई०सी०आर० व टी०ए० चैक रजिस्टर प्रस्तुत न करना	कार्यवाही देख ली गई है।
15.	18 (क)	निर्णित	वाहन सं HP-39-4315 की ओसत कम दर्शाने बारे।	कार्यवाही देख ली गई है।
16	18(ख)	निर्णित	वाहन सं HP-39B-3323 की औसत तेल खपत का निर्धारण न करवाने बारे।	कार्यवाही देख ली गई है।
17.	19	निर्णित	स्टॉक का प्रत्यक्ष सत्यापन न किया जाना।	कार्यवाही देख ली गई है।

अनिर्णीत पैरों का सार	
गत अंकेक्षण प्रतिवेदनो के अनुसार अनिर्णीत पैरे	40
वर्ष 2015-16 के अंकेक्षण प्रतिवेदन में लगाए गए पैरे	(+)10
कुल पैरे	50
अंकेक्षण के दौरान निर्णित किए गए पैरे	31

अन्त शेष (दिनांक 31-3-16 तक)	**19**

नोट:- गत अंकेक्षण प्रतिवेदन में कुल 27 पैरे निर्णित किए गए थे जबकि गलती से 26 लिखे गए थे। परिणामस्वरूप अन्त शेष 40 होना था जबकि 41 दर्शाया गया है।